प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस. मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, S.B.S. Marg, Fort, Mumbai - 400 001
फोन/Phone: 022 - 2266 0502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

20 अक्तूबर 2022

मसौदा मास्टर निदेश - सूचना प्रौद्योगिकी सुशासन, जोखिम, नियंत्रण और आश्वासन पद्धतियां

दिनांक 10 फरवरी 2022 के द्विमासिक मौद्रिक नीति वक्तव्य के साथ जारी विकासात्मक और विनियामक नीतियों पर वक्तव्य में यह घोषणा की गई थी कि सूचना प्रौद्योगिकी सुशासन और नियंत्रण, व्यवसाय निरंतरता प्रबंधन और सूचना प्रणाली लेखा परीक्षा से संबंधित दिशानिर्देशों को अद्यतन और समेकित करने की आवश्यकता है।

2. तदनुसार, मौजूदा निर्देशों के समेकन और अद्यतनीकरण के भाग के रूप में, भारतीय रिज़र्व बैंक ने आज अपनी वेबसाइट पर 'मसौदा मास्टर निदेश - सूचना प्रौद्योगिकी सुशासन, जोखिम, नियंत्रण और आश्वासन पद्धतियां' को हितधारकों और जनता के सदस्यों की टिप्पणियों के लिए रखा है।

3. विनियमित संस्थाओं (आरई) और अन्य हितधारकों द्वारा टिप्पणियां / फीडबैक 20 नवंबर 2022 तक ईमेल के माध्यम से 'मास्टर निदेश - सूचना प्रौद्योगिकी सुशासन, जोखिम, नियंत्रण और आश्वासन पद्धतियां पर फीडबैक' विषय के साथ प्रस्तुत की जा सकती हैं। प्राप्त फीडबैक पर विचार करने के बाद भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अंतिम मास्टर निदेश जारी किया जाएगा।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/1072